TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 07 जून

1. **विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस–** खाद्य मानकों को बनाये रखने में जागरूकता पैदा करने और खाद्य जनित बीमारियों के कारण होने वाली मौतों को कम करने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। 7 जून, 2019 को पहली बार विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया गया। सरकार का दायित्व है कि सभी को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करें। सभी उपभोक्ताओं को सुरक्षित और स्वस्थ भोजन प्राप्त करने का अधिकार है। भारत में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण fssai खाद्य पदार्थों के गुणवत्ता पर नियंत्रण रखती है।
   - **संदर्भः** वर्ग 8, नागरिक, **सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन भाग 3, अध्याय 8, 'खाद्य सुरक्षा'** से जोड़कर बतायें।

2. **महात्मा गांधी का दक्षिण अफ्रीका में पहला सविनय अवज्ञा–** महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में पहली बार सविनय अवज्ञा आंदोलन का प्रयोग किया। 1893 ई. में महात्मा गांधी एक साल के कॉन्ट्रेक्ट पर वकालत करने के लिए दक्षिण अफ्रीका गये थे। वह उन दिनों नटाल प्रांत में रहते थे। किसी काम से दक्षिण अफ्रीका में वह ट्रेन के फर्स्ट क्लास में सफर कर रहे थे। लेकिन रेलवे अधिकारी ने उन्हें धक्का देकर ट्रेन से नीचे उतार दिया। गांधी जी ने इस अन्याय के खिलाफ तथा दक्षिण अफ्रीका में अन्य भारतीयों के साथ हो रहे नस्लीय भेद–भाव को समाप्त करने का निर्णय लिया।
   - **संदर्भः** वर्ग 7, नागरिक, **'सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन भाग–2', अध्याय 1**,पृष्ठ 4–5 के संदर्भ में बतायें। वर्ग 8, इतिहास की पुस्तक **'अतीत से वर्तमान भाग–3', अध्याय 12,** से जोड़कर चर्चा करें।

3. **पहला क्रिकेट विश्व कप (1975)–** पहला क्रिकेट विश्व कप 7 जून, 1975 से प्रारंभ हुआ था। इसे प्रूडेंशियल वर्ल्ड कप कहा गया था। पहले विश्व कप का पहला मैच इंग्लैंड और भारत के बीच लॉर्डर्स (इंग्लैंड) के मैदान में खेला गया था। इस मैच में इंग्लैंड 202 रनों से जीता था। इस मैच में इंग्लैंड ने 60 ओवरों में चार विकेट पर 334 रन बनाये जबकि भारत 3 विकेट पर 132 रन ही बना सका। वर्ल्ड कप 1975 में पहला शतक इस मैच में ही इंग्लैंड के बल्लेबाज डेनिस एमिस ने लगाया था। इसमें भारतीय टीम की कप्तानी भारत के दिग्गज स्पिनर एस. वेंकटराघवन ने किया था। सुनील गावस्कर ने पूरे 60 ओवरों में 174 गेंदों का सामना कर महज 36 रन बनाकर नॉट आउट रहे।
   - **क्या आप जानते हैं?**
     भारत ने अब तक कुल दो बार (वर्ष 1983 तथा 2011 में) क्रिकेट विश्व कप जीता है।

Friday



*Madhu priya*

मधु प्रिया

# विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 7 जून



विश्व भर में **7** जून को हर साल विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस यानी वर्ल्ड फ़ूड सेफ्टी डे मनाया जाता है। इस दिन को मनाये जाने की वजह खाद्य सुरक्षा के प्रति उन लोगों को जागरुक करना है। जो खराब भोजन का सेवन करने की वजह से गंभीर रोगों से ग्रस्त हो जाते हैं। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाना है कि हर व्यक्ति को पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित और पौष्टिक भोजन मिल सके। ये दिन खाद्य सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरुक करता है और इस दिन को मनाये जाने की घोषणा दिसंबर **2018** में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा खाद्य और कृषि संगठन के सहयोग से की गयी थी। यह खाद्य जनित रोगों के संबंध में दुनिया पर पड़ने वाले बोझ को पहचानने के लिए था। विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं खाद्य और कृषि संगठन इस क्षेत्र से संबंधित अन्य संगठनों के सहयोग से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाने के लिए मिलकर काम करते हैं। विश्व स्वास्थ्य सभा ने दुनिया में खाद्य जनित बीमारियों के बोझ को कम करने के लिए खाद्य सुरक्षा की दिशा में प्रयासों को मजबूत करने का निर्णय लिया है। हर वर्ष इस दिवस को एक ख़ास थीम के साथ मनाया जाता है। **2023** के लिए थीम है, 'खाद्य मानक जीवन बचाते हैं ।

# Teachers of Bihar
The change makers

## जन्मदिन विशेष 07 जून

राकेश कुमार




**महेश भूपति** *Mahesh Bhupathi*, जन्म- 7 जून, 1974, बैंगलौर, कर्नाटक), भारतीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने टेनिस में लिएंडर पेस के साथ युगल मुकाबलों में शानदार सफलता अर्जित की है। इनका पूरा नाम महेश श्रीनिवास भूपति है। भूपति को 1996 में 'अर्जुन पुरस्कार' दिया गया तथा 26 मार्च, 2001 को लिएंडर पेस के साथ भारत सरकार द्वारा पद्मश्री सम्मान प्रदान किया गया।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 07.06.2024

## फार्टलेक ट्रेनिंग

फार्टलेक प्रशिक्षण, जिसका स्वीडिश में अनुवाद "स्पीड प्ले" होता है, अंतराल प्रशिक्षण के समान है। इसमें कार्डियो बनाए रखने के दौरान अलग-अलग गति या कठिनाई शामिल होती है। इसलिए अनिवार्य रूप से कार्डियो करते समय आप इसे समय-समय पर बढ़ती गति के साथ बदलते रहते हैं। फार्टलेक प्रशिक्षण का मुख्य पहलू मनोरंजन का पहलू है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



[redacted]

**अमेरिका में एक सड़क है जिसे Death Valley कहा जाता है, जहां 200 किलोमीटर तक एक भी मोड़ नहीं है।**

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 408

**भारत ने लोकसभा चुनाव में कितने करोड़ लोगों के मतदान के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया है? ?**

A. 85.3 करोड़ लोग

B. 64.2 करोड़ लोग

C. 36.9 करोड़ लोग

D. 52.6 करोड़ लोग



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: B

# TOB
# खेल कॉर्नर
राकेश कुमार

## फुटबॉल

# इंटरनेशनल मैचों में टॉप-5 गोल स्कोरर



| रैंक | प्लेयर | देश | गोल | मैच |
|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रिस्टियानो रोनाल्डो | पुर्तगाल | 128 | 206 |
| 2 | अली डेई (रिटायर) | ईरान | 108 | 148 |
| 3 | लियोनल मेसी | अर्जेंटीना | 106 | 180 |
| 4 | **सुनील छेत्री** | भारत | 94 | 150 |
| 5 | मोख्तार दहारी (रिटायर) | मलेशिया | 89 | 142 |





/teachersofbihar

प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक, पटकथा लेखक और उर्दू लेखक

## ख्वाजा अहमद अब्बास

की जयंती पर सादर नमन।

जन्म-7 जून 1914 - मृत्यु- 1 जून 1987



www.teachersofbihar.org

Madhu priya


HAPPY BIRTHDAY
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व प्रसिद्ध भारतीय टेनिस
खिलाड़ी, अर्जुन पुरस्कार ,
पद्मश्री से सम्मानित
महेश भूपति
के जन्मदिवस पर टीचर्स
ऑफ बिहार परिवार की
ओर से हार्दिक
शुभकामनाएं।
जन्म- 7 जून 1974
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

07 जून 2024


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

दूसरों के लिए जीना ही, असली जीना है।

**ब्रूस ली**



राकेश कुमार